निर्देश — कलेक्टर ने हर हाल में तीन दिन के भीतर शिकायत का पूरी तरह निपटारा करने के दिए निर्देश

# पानी से जुड़ी हर समस्या का समाधान प्राथमिकता से करें



**जबलपुर, नवभारत।** गर्मियों के मौसम में आम जनता को पेयजल की समस्या न हो और सभी को शुद्ध व गुणवत्तापूर्ण पानी मिले, इसके लिए जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर आ गया है। यह बातें कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने कहीं।

उन्होंने नगर निगम और ग्रामीण क्षेत्रों में सुचारू पेयजल व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिये हैं। साथ ही उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कहा कि पानी से जुड़ी हर समस्या का समाधान प्राथमिकता से किया जाना सुनिश्चित करें। कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने कहा कि चाहे नगरीय क्षेत्र हो या ग्रामीण, पेयजल से जुड़ी किसी भी समस्या के लिए नागरिक सीएम हेल्पलाइन पर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। इन शिकायतों को उच्च प्राथमिकता पर रखा जाएगा। हमारा प्रयास यह है कि शिकायत दर्ज होने के अगले ही दिन प्रशासन का जिम्मेदार व्यक्ति मौके पर पहुंचे और समस्या का समाधान करें। हर हाल में तीन दिन के भीतर शिकायत का पूरी तरह निपटारा अत्यंत आवश्यक है।

## सीईओ ने कंट्रोल रूम का लिया जायजा, दिए आवश्यक निर्देश



**जबलपुर।** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा ग्रीष्मकाल के दौरान जिले के ग्रामीण क्षेत्र में पेयजल व्यवस्था के सुचारू संचालन के लिए कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। विभाग के दमोह नाका स्थित कार्यालय में स्थापित इस कंट्रोल कंट्रोल रूम पर संपर्क कर पेयजल सबंधी शिकायत दर्ज करा सकेंगे। जिला पंचायत के सीईओ अभिषेक गहलोत ने मंगलवार को कंट्रोल रूम का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया । अभी तक निराकृत की गई शिकायतों का ब्यौरा प्राप्त किया। साथ ही आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कंट्रोल रूम की शिकायत पंजी में 15 मार्च से अभी तक कुल 44 शिकायत प्राप्त हुई और इन सभी का निराकरण किया जा चुका है। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।



## मोहतारा टोल प्लाजा बना राहगीरों के लिए जीवन रक्षक

नौतपा की भीषण गर्मी में शरबत वितरण से मिली राहत, लोगों ने जताया आभार

**सिहोरा, नवभारत।** भीषण गर्मी और नौतपा की शुरुआत के साथ जहां तापमान लगातार बढ़ रहा है, वहीं मोहतारा टोल प्लाजा आम राहगीरों के लिए राहत का केंद्र बन गया है। 25 मई से टोल प्लाजा पर गुजरने वाले सभी सड़क उपयोगकर्ताओं, वाहन चालकों, यात्रियों और स्थानीय लोगों के लिए लगातार ठंडा मीठा पानी (शरबत) वितरित किया जा रहा है।

इस सेवा कार्य से आम जनता में खासा उत्साह और प्रसन्नता देखने को मिली। तेज धूप और लू के बीच यह पहल लोगों के लिए किसी जीवन रक्षक से कम नहीं रही। राहगीरों ने रुककर शरबत पिया और इस सराहनीय कार्य के लिए टोल प्लाजा प्रबंधन का आभार व्यक्त किया।

इस कार्यक्रम में प्लाजा मैनेजर पृथ्वी राठी, जितेन्द्र सिंह राजपूत सहित टोल प्लाजा के समस्त स्टाफ ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सभी ने मिलकर हर्ष और उल्लास के साथ लोगों को ठंडा मीठा पानी पिलाया और मानव सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया।स्थानीय लोगों का कहना है कि इस तरह की पहल न केवल गर्मी से राहत देती है, बल्कि समाज में सेवा और सहयोग की भावना को भी मजबूत करती है।

## पिपरिया रेलवे अस्पताल में चलाया टीबी जागरूकता अभियान




**जबलपुर, नवभारत।** पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर मंडल अंतर्गत पिपरिया रेलवे अस्पताल में 26 मई को टीबी जागरूकता दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य आमजन एवं रेल कर्मचारियों को क्षय रोग (टीबी) के प्रति जागरूक करना तथा टीबी मुक्त भारत अभियान को जन-जन तक पहुँचाना था।कार्यक्रम में रेलवे चिकित्सक डॉ. आर.आर. कुर्रे ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि टीबी को क्यों है छुपाना, अगर जीवन को बचाना है।

### स्वास्थ्य की नियमित जांच होनी चाहिए

उन्होंने बताया कि टीबी की शीघ्र पहचान, समय पर जांच एवं संपूर्ण इलाज से इस बीमारी को पूरी तरह ठीक किया जा सकता है। उन्होंने लोगों से पौष्टिक एवं संतुलित आहार लेने तथा नियमित स्वास्थ्य जांच कराने की अपील की। डॉ. कुर्रे ने बताया कि टीबी का उपचार डॉट्स प्रणाली के माध्यम से प्रभावी रूप से किया जाता है। इलाज में लापरवाही बरतने पर सामान्य टीबी, एमडीआर टीबी में परिवर्तित हो सकती है, जो अधिक गंभीर एवं खतरनाक होती है। उन्होंने कहा कि कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली वाले व्यक्तियों एवं कुपोषित बच्चों में टीबी होने की संभावना अधिक रहती है उन्होंने बताया कि बच्चों में दाएं फेफड़े में संक्रमण की संभावना अधिक होती है क्योंकि दाएं फेफड़े की ट्रेकिया अपेक्षाकृत सीधी होती है, जिससे धूल, डस्ट एवं बैक्टीरिया के संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है।

### हारेगा टीबी, जीतेगा भारत

वयस्कों में धूम्रपान भी टीबी संक्रमण का प्रमुख कारण बन सकता है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को टीबी से बचाव, स्वच्छता, संतुलित भोजन एवं समय पर उपचार के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। सभी ने टीबी हारेगा, भारत जीतेगा का संकल्प लेते हुए टीबी मुक्त भारत अभियान में सक्रिय सहभागिता का संदेश दिया।

## ईद को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित

**गोसलपुर।** सिहोरा तहसील अंतर्गत गोसलपुर पुलिस थाना में मुस्लिम धर्मालंबियों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों की मौजूदगी में थाना प्रभारी गाजीवती कोसाम की उपस्थिति में बकरीद त्यौहार के मद्देनजर शांति समिति की बैठक संपन्न हुई। इस मौके पर मुस्लिम समाज से लाइक खान अजीम खान मजिद मोइन खान जनसेवा समिति के अध्यक्ष हेमचंद असाटी विजय दुबे नित्तु सोनी बलराम पटेल ओम प्रकाश चक्रवर्ती गोलू चक्रवर्ती सहित अनेक लोग मौजूद थे।

### श्रीमती पुष्पा बाई बिरहा का निधन



**जबलपुर।** कछियाना द्वारका नगर निवासी श्रीमती पुष्पा बाई बिरहा का निधन हो गया है। वे स्व. श्यामलाल बिरहा की पत्नी, नगर के संगीत कलाकार संचित बिरहा, संजू बिरहा की मां, पंकज प्रमोद बिरहा की बड़ी मां थी। अंतिम संस्कार सोमवार को करिया पाथर मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

## सुरक्षा-नियमों के दायरे में ही रहकर व्यापार करें : एसडीएम

टिम्बर व्यापारियों और आरा मिल संचालकों की बैठक लेकर बोले-लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी



**जबलपुर, नवभारत।** जनता की सुरक्षा और नियमों के दायरे में रहकर व्यापार करें, इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यह बातें अनुविभागीय राजस्व अधिकारी गोरखपुर अनुराग सिंह ने टिम्बर मर्चेंट्स एंड सॉ मिल ओनर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों और सदस्यों की बैठक लेते हुए कहीं। इस दौरान उन्होंने बैठक में लकड़ी व्यापार और आरा मिल संचालन से जुड़े सुरक्षा इंतजामों, कानूनी नियमों के पालन और प्रशासनिक तालमेल को लेकर विस्तृत चर्चा की, जिसमें जनसुरक्षा के हित में कई फैसले लिए गए। एसडीएम ने साफ तौर पर निर्देशित किया है कि क्षेत्र के सभी लकड़ी व्यापारियों और आरा मिल संचालकों को अपने वैध लाइसेंस, स्टॉक रजिस्टर, परिवहन से जुड़े दस्तावेज और अन्य जरूरी कागजात नियमित रूप से अपडेट रखने होंगे।

शासन द्वारा तय किए गए कानूनी प्रावधानों का कड़ाई से पालन करना अनिवार्य होगा। इसके साथ ही, क्षेत्र में अवैध कटाई, अवैध परिवहन और लकड़ी के अवैध भंडारण जैसी गतिविधियों पर पूरी तरह से रोक लगाने के लिए प्रशासन और व्यापारियों के बीच आपसी समन्वय से काम करने पर सहमति बनी है। सुरक्षा के लिहाज से सबसे बड़ा फोकस फायर सेफ्टी पर रहा। उन्होंने सभी टिम्बर व्यापारियों और आरा मिल संचालकों को अपने परिसरों में आवश्यक अग्निशमन उपकरण और पुख्ता फायर सेफ्टी सिस्टम स्थापित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आपातकालीन स्थितियों से तुरंत निपटने के लिए लकड़ी भंडारण स्थलों पर वाटर पाइप सिस्टम और पानी की पर्याप्त आपूर्ति की व्यवस्था की जाए। इसके अलावा, शॉर्ट सर्किट जैसी घटनाओं को रोकने के लिए पूरे मार्केट और मिलों के बिजली कनेक्शनों की नए सिरे से जांच कराई जाए, जिसके लिए प्रशासन जल्द ही विद्युत विभाग को पत्र जारी करने जा रहा है। बैठक के दौरान व्यापारियों ने भी अपने सुझाव रखे, जिस पर प्रशासन ने सकारात्मक कदम उठाने का भरोसा दिया।

## प्यासे कंठ को तर करने सर्वोदय ब्राह्मण समाज ने खोला प्याऊ



**सिहोरा, नवभारत।** प्रदेश में पड़ रही भीषण गर्मी और बढ़ते तापमान को देखते हुए सामाजिक संस्थाएं अब आमजन और राहगीरों की मदद के लिए आगे आने लगी हैं।

इसी कड़ी में सर्वोदय ब्राह्मण समाज सिहोरा द्वारा एक सराहनीय पहल की गई है। संस्था ने राहगीरों को तपन और प्यास से राहत दिलाने के लिए पुराने नेशनल हाईवे-7 (एनएच-7) पर शीतल जल की प्याऊ का शुभारंभ किया है।

### ये रहे उपस्थित

प्याऊ के गरिमामय शुभारंभ के अवसर पर सर्वोदय ब्राह्मण समाज सिहोरा के पदाधिकारी और कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। इस सेवा कार्य की सराहना करते हुए उपस्थित सदस्यों ने कहा कि नर सेवा ही नारायण सेवा है और इस तपती गर्मी में किसी प्यासे को पानी पिलाना सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है। इस दौरान मुख्य रूप से अंजनी गौतम, अर्जुन गर्ग, जयप्रकाश तिवारी, शीतल प्रसाद दुबे, अमित कुररिया,सतीश तिवारी,योगेन्द्र मिश्रा, सुरेन्द्र मिश्रा,रवि मिश्रा उपस्थित रहे। समाज के इस जनहितैषी कार्य की स्थानीय नागरिकों और राहगीरों द्वारा जमकर सराहना की जा रही है। लोगों का कहना है कि इस व्यस्त मार्ग पर प्याऊ खुलने से राहगीरों को काफी सहूलियत होगी।

### मनसकरा के पास मिलेगी राहत

प्राप्त जानकारी के अनुसार, सर्वोदय ब्राह्मण समाज सिहोरा के वरिष्ठ सदस्य वीरेन्द्र मिश्रा और सुरेन्द्र मिश्रा के सौजन्य से इस प्याऊ की व्यवस्था की गई है। यह प्याऊ सिहोरा से आगे मनसकरा में पुराने एनएच-7 के किनारे खोली गई है। इस मार्ग से गुजरने वाले सैकड़ों राहगीरों, वाहन चालकों और स्थानीय लोगों को अब इस भीषण गर्मी में भटकना नहीं पड़ेगा और उन्हें आसानी से ठंडा व स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो सकेगा।

## पनागर सहित जिले में होगा पंचम प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन

**पनागर/जबलपुर।** अखिल भारतीय लोधी/लोढ़ा/लोढ़ अधिकारी कर्मचारी संघ 'आलोक' जबलपुर द्वारा 31 मई, रविवार को 'पंचम प्रतिभा सम्मान समारोह' का आयोजन मानस भवन राइट टाउन जबलपुर में किया जाएगा। कार्यक्रम सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित होगा, जिसमें शिक्षा, संस्कृति एवं समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा। आयोजकों के अनुसार शिक्षा सत्र 2025-26 में कक्षा 5वीं एवं 8वीं में 75 प्रतिशत तथा कक्षा 10वीं और 12वीं में 80 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। साथ ही नवोदय विद्यालय में चयनित विद्यार्थियों, नव नियुक्त एवं सेवानिवृत्त अधिकारी-कर्मचारियों तथा जिला, प्रदेश, राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उपलब्धि प्राप्त करने वाली प्रतिभाओं को भी मंच पर सम्मान मिलेगा।



## राजुल एस्टेट में 31वां सुंदरकांड पाठ का समापन

यजमान परंपरा बन रही एकता और सेवा भाव का प्रतीक

**पनागर।** कंदरा खेड़ा स्थित राजुल एस्टेट कॉलोनी इन दिनों भक्ति, श्रद्धा और सामाजिक एकता का सुंदर केंद्र बनी हुई है। कॉलोनी के शिव मंदिर में पिछले कई महीनों से लगातार प्रत्येक मंगलवार को सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार को 31वां साप्ताहिक सुंदरकांड पाठ अत्यंत श्रद्धा, उत्साह और भव्यता के साथ संपन्न हुआ।

इस धार्मिक आयोजन में कॉलोनीवासियों की बड़ी संख्या में सहभागिता देखने को मिली। वातावरण पूरे समय भक्ति रस में डूबा रहा और 'जय श्रीराम' के जयकारों से मंदिर परिसर गूंज उठा। आयोजन के पश्चात महाआरती एवं प्रसाद वितरण भी किया गया।इस आयोजन की सबसे खास बात इसकी अनूठी 'यजमान परंपरा' है, जिसने कॉलोनी में सामाजिक समरसता और आपसी जुड़ाव को और मजबूत किया है। परंपरा के अनुसार प्रत्येक मंगलवार को आरती के बाद जो श्रद्धालु स्वेच्छा से प्रसाद व्यवस्था की जिम्मेदारी लेता है, वही अगले सप्ताह के आयोजन का मुख्य यजमान बनता है। इस मंगलवार के आयोजन का सौभाग्य श्री अखिलेश सिंह एवं उनके परिवार को प्राप्त हुआ। राजुल एस्टेट समिति के अध्यक्ष विकास पाण्डेय ने कहा कि हम सभी सनातन संस्कृति से जुड़े हैं और धर्म व समाज सेवा का भाव प्रत्येक व्यक्ति के भीतर होना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि प्रत्येक मंदिर में इसी प्रकार यजमान परंपरा अपनाई जाए, तो समाज में एकता, सहयोग और धार्मिक जागरूकता को नई दिशा मिलेगी। लगातार 31 सप्ताह से चल रहा यह धार्मिक आयोजन अब क्षेत्र में आस्था और सामाजिक सौहार्द का प्रेरणास्रोत बनता जा रहा है।

### सुशांत कुमार को दी गई विदाई



**जबलपुर, नवभारत।** वेस्ट सेंट्रल रेलवे एम्पलाइज यूनियन डीज़ल शाखा द्वारा सीनियर डीईई टीआरएस डीज़ल सुशांत कुमार का भोपाल टीआरडी स्थानांतरण होने पर स्मृति उपहार भेंट कर शुभकामनाएं प्रदान की गई डबलूसीआरईयू ने सुशांत कुमार की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने अपने कार्यकाल में डबलूसीआरईयू डीज़ल शाखा द्वारा कर्मचारी समस्याओं एवं उनकी मांग अधिकार के साथ डीज़ल शेड की उन्नति साधन संसाधन के लिए गहन चिंतन के साथ निराकरण करने का प्रयास किया। उसके लिए यूनियन की डीज़ल शाखा ने उनका आभार प्रकट करते हुए दीर्घायु एवं उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामना की है इस विदाई समारोह कार्यक्रम में डबलूसीआरईयू डीज़ल शाखा नकज कॉमरेड रणधीर, नीतेश, राकेश, शैलेंद्र, धर्मेंद्र एवं कॉमरेड संतोष ने उपस्थित होकर पुष्प गुच्छ, स्मृति उपहार भेंट कर शुभकामनाएं प्रदान किया।

आयोजन — पनागर में गंगा दशहरा पर निकली कलश यात्रा, लोगों को किया जागरूक

# कलश यात्रा निकालकर दिया जल संरक्षण का संदेश






**पनागर, नवभारत।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड पनागर जिला जबलपुर के तत्वावधान में गंगा दशहरा उत्सव के अवसर पर जल स्रोत पूजन एवं गंगा कलश यात्रा का आयोजन नगर के बलेहा तालाब में किया गया। कार्यक्रम का आयोजन भगतसिंह वार्ड एवं आजाद वार्ड की नगर विकास प्रस्फुटन समितियों द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से श्री मुकेश वंशकार पार्षद भगतसिंह वार्ड, श्री घनश्याम रायपुरिया जिला समन्वयक मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद जबलपुर एवं श्री भारत महरोलिया विकासखंड समन्वयक पनागर उपस्थित रहे।कार्यक्रम की शुरुआत बलेहा तालाब में विधिवत पूजन-अर्चन से हुई, जिसके बाद कलशों में जल भरकर भव्य कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा नगर भ्रमण करते हुए शिव मंदिर पहुंची, जहां जलाभिषेक किया गया। इसके पश्चात जल संवाद कार्यक्रम के माध्यम से उपस्थित नागरिकों को जल संरक्षण एवं जल स्रोतों के संवर्धन के प्रति जागरूक किया गया।इस अवसर पर पार्षद श्री मुकेश वंशकार ने कहा कि गंगा दशहरा उत्सव एवं जल स्रोत पूजन जैसे आयोजनों के माध्यम से जल संरक्षण की दिशा में ऐतिहासिक कार्य किए जा रहे हैं।

उन्होंने बताया कि अभियान के अंतर्गत नगर के तालाब में स्वच्छता कार्य भी कराया गया, जो सराहनीय पहल है। कार्यक्रम के अंत में उन्होंने सभी उपस्थित जनों को जल संरक्षण एवं संवर्धन की शपथ भी दिलाई।जिला समन्वयक श्री घनश्याम रायपुरिया ने कार्यक्रम की प्रस्तावना रखते हुए गंगा दशहरा उत्सव एवं जल स्रोत पूजन के महत्व पर प्रकाश डाला। वहीं कार्यक्रम के पश्चात नगर प्रस्फुटन समिति द्वारा तालाब किनारे पूर्व में लगाए गए पौधों एवं सूचना बोर्ड का अवलोकन भी किया गया।कार्यक्रम का संचालन श्री भारत महरोलिया विकासखंड समन्वयक पनागर द्वारा किया गया। आयोजन में श्री धर्मेंद्र कुशवाहा नवांकुर संस्था सेक्टर प्रभारी, श्री ओमकार दाहिया, प्रमोद रजक, बद्री प्रसाद कोरी, विजय रजक, विमलेश रजक, सुलोचना रजक सहित नगर प्रस्फुटन समिति के सदस्य एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।



## दिगम्बर जैन समाज ने कटंगी में निकाली मौन रैली

कटंगी थाना पुलिस को सौंपा ज्ञापन

**नवभारत, कटंगी जबलपुर।** रीवा में सड़क दुर्घटना में दो जैन आर्यिकाओं के हुए समाधि मरण के विरोध एवं श्रद्धांजलि स्वरूप कटंगी दिगंबर जैन समाज के तत्वावधान में सोमवार प्रातः 8 बजें मौन रैली निकाली गई। यह रैली जैन मंदिर से प्रारंभ होकर कटंगी थाना तक पहुंची, जहां समाजजनों ने कटंगी थाना में को ज्ञापन सौंपकर घटना पर गहरा दु:ख व्यक्त किया और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने की मांग की।

मौन रैली में बड़ी संख्या में समाजजन, महिलाएं, युवा एवं विभिन्न छोटे-छोटे बच्चे एवं बालिकाएं शामिल हुए। रैली के दौरान श्रद्धालुओं ने शांतिपूर्वक श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए जैन संतों एवं आर्यिकाओं की सुरक्षा को लेकर चिंता व्यक्त की।

दिगंबर जैन समाज के लोगो ने बताया कि इस मौन रैली का उद्देश्य समाज की एकजुटता, जागरूकता और श्रद्धा केंद्रों की सुरक्षा के प्रति गंभीर संदेश देना है। साथ ही यह मांग भी रखी गई कि भविष्य में जैन संतों एवं आर्यिकाओं के साथ इस प्रकार की दुर्घटनाएं दोबारा न हों और उनकी सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं।

मौन रैली के समापन पर समाजजनों ने दिवंगत आर्यिकाओं को श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके प्रति अपनी भावनाएं व्यक्त कीं। इस दौरान पूरे नगर में शोक एवं श्रद्धा का वातावरण देखने को मिला।